महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरु0वि0 / गोप. / प्रयो. / 2024 / 948–955 दिनांक:24.09.2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्व महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः– सम सेमेस्टर.–2024 बी0एस0सी0 कृषि / आनर्स कृषि एवं एम0एस0सी0कृषि की प्रयोगात्मक एवं मिर्ड टर्म परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध मे।

महोदय / महोदया,

सम सेमेस्टर बी0एस0सी0 कृषि / आनर्स कृषि एवं एम0एस0सी0कृषि की प्रयोगात्मक परीक्षायें आन्तरिक एवं बाहय परीक्षक आमंत्रित कर सम्पन्न करायी जानी है एवं मिर्ड टर्म परीक्षा महाविद्यालय स्तर से सम्पन्न करायी जानी है। प्रत्येक विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायें जाने हेतु आन्तरिक परीक्षक सम्बन्धित महाविद्यालय के ही होगें तथा बाहय परीक्षक पोर्टल पर महाविद्यालय द्वारा अनुरोध करने के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा नामित किये जायेगें, जिनकी सूचना सम्बन्धित महाविद्यालय को पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध करायी जायेगी, इसके उपरान्त ही सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। **समस्त महाविद्यालय दिनांक 27.09.2024 से 28.10.2024 तक प्रत्येक दशा में समस्त प्रयोगात्मक एवं मिर्ड टर्म परीक्षा सम्पन्न करा लें**, किसी भी स्थिति में तिथि समाप्ति के पश्चात अंको को ऑनलाइन स्वीकार नही किया जायेगा एवं वेबसाइट बन्द कर दी जायेगी। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशों का पालन भी महाविद्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जाना हैः–

1. प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अंकपर्ण की दो प्रति तैयार की जायेंगी तथा उनकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय मे ही सुरक्षित रखी जायेंगी, अंक केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। विश्वविद्यालय को आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय को सम्बन्धित अंकपर्ण की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी। **उन्हें किसी भी माध्यम से विश्वविद्यालय प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नही है।**
2. सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकायें चुनौती मूल्यॉकन से अच्छादित है, अतः प्रयोगात्मक परीक्षा एवं मिड टर्म परीक्षा की उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखी जायें तथा विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जाने पर तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करे।
3. परीक्षको को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनॉक 17.12.2008 में लिये गये निर्णयानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट पृथक से विश्वविद्यालय द्वारा मॉगे जा सकते है।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी।
2. उप–कुलसचिव (गोपनीय)।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. प्रभारी ऑनलाइन एजेन्सी।
5. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रषित।
6. वै0 सहायक, कुलसचिव।
7. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय)।

परीक्षा नियंत्रक